UPBS120005912019

**न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), खलीलाबाद स्थान– बस्ती**
**पीठासीन अधिकारी– (सुश्री स्नेहिल श्रीवास्तव)**

**उ०प्र० न्यायिक सेवा – UP04624**

**मूलवाद संख्या–440/2019**
**श्रीमती मायादेवी बनाम रामप्रकाश आदि**

19.03.2026

पत्रावली पेश हुई। पुकार करायी गयी। पुकार पर वादी अनुपस्थित। प्रतिवादी उपस्थित। पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि वादी वाद पर बल देने हेतु दिनांक–07.10.2024 से पत्रावली पर अनुपस्थित है। वादी को पूर्व नियत तिथि दिनांक 12.01.2026 को वाद पर बल देने हेतु अंतिम अवसर दिया गया था, परंतु वादी नियत तिथि को भी वाद पर बल देने हेतु उपस्थित नहीं है और न ही वादी द्वारा कोई स्थगन प्रार्थनापत्र ही पत्रावली पर प्रस्तुत किया गया है, जो यह दर्शित करता है कि वादी वाद को लेकर गंभीर नहीं है तथा वाद चलाने का इच्छुक नहीं है। अतः प्रस्तुत वाद वादी की अनुपस्थिति तथा प्रतिवादी की उपस्थिति में खारिज किये जाने योग्य है।

**आदेश**

प्रस्तुत वाद वादी की अनुपस्थिति तथा प्रतिवादी की उपस्थिति में खारिज किया जाता है। पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

(स्नेहिल श्रीवास्तव)
सिविल जज (जू०डि०) खलीलाबाद
स्थान–बस्ती।